कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री सुनील कुमार सैनी पुत्र श्री सीताराम सैनी निवासी ग्राम खटवा तहसील लालसोट जिला दौसा राज0

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा

अपील संख्या 39/2021

निर्णय दिनांक 03.08.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा ग्राम पंचायत खटवा पंचायत समिति लालसोट से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, ग्राम पंचायत खटवा तहसील लालसोट जिला दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा द्वारा पत्र कमांकः आरटीआई/2021/635 दिनांक 03.8.2021 द्वारा अवगत कराया है कि ग्राम पंचायत खटवा पंचायत समिति लालसोट द्वारा अपीलांट को दिनांक 20.7.2021 एवं 2.8.2021 के द्वारा सूचित किया गया है कि आवेदक ग्राम पंचायत में उपस्थित होकर रेकार्ड का अवलोकन कर निर्धारित शुल्क जमा कराकर सूचना प्राप्त कर सकते है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(प्रीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलक्टर, दौसा